## नैमित्तिक कलाकारों की सेवाओं को नियमित करना

2286. **श्री राम विलास पासवान :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार नैमित्तिक कलाकारों की समस्याओं को सुलझाने के लिए एक उदार आचार संहिता बनाने का है ;

(ख) क्या सरकार का विचार एक निश्चित अवधि के बाद नैमित्तिक कलाकारों की सेवाएं नियमित करने का भी है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार क्षेत्रीय भाषाओं के कलाकारों के संबंध में भी समता रखेगी ; और

(घ) उन नैमित्तिक कलाकारों की श्रेणीवार संख्या कितनी है, जिनकी सेवाएं 1983-84 के दौरान नियमित किए जाने का प्रस्ताव है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :** (क) उदार फार्मूले का पहले ही अनुसरण किया जा रहा है ।

(ख) से (घ) ऐसे 39 नैमित्तिक कलाकार हैं जो स्वीकृत फार्मूले के अनुसार इस समय नियमित किए जाने हेतु विचार किए जाने के लिए पात्र हैं । ये सभी आकाशवाणी के नैमित्तिक कलाकार हैं। इनका नियमन रिक्तयों की स्थिति तथा अन्य पात्र उम्मीदवारों के साथ निर्धारित प्रतियोगी परीक्षाओं में उनके सफल होने पर निर्भर करता है । जैसा कि भाग (ग) में है, प्राथमिकता देने का प्रश्न नहीं उठता ।

## ऊर्जा मंत्रालय में अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों के अनारक्षित किए गए पद

2287. **श्री राम विलास पासवान :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के अधीन सरकारी उपक्रमों और विभागों में पिछले तीन वर्षों के दौरान अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित कितने पद अनारक्षित किए गए और उनका वर्षवार ब्यौरा क्या है ; और

(ख) उसके कारण क्या हैं ?

**ऊर्जा मंत्रालय के कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) :** (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

## Cases Pending with Rural Electrification Corporation Relating to Maharashtra

2288. SHRI UTTAM RATHOD : Will the Minister of ENERGY be pleased to state :

(a) whether it is a fact that several cases are pending in Rural Electrification Corporation Office from Maharashtra ; and

(b) if so, the number of such cases and reasons for delay in setting them up ?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. SHIV SHANKAR) : (a) and (b) The Rural Electrification Corporation has received 141 schemes for financial assistance from Maharashtra State Electricity Board upto 31st October, 1983. Out of these, 86 schemes